सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-392
14/09/2018

मुख्यमंत्री ने स्व0 जगदेव प्रसाद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व0 उपेन्द्र नाथ वर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया

पटना 14 सितम्बर, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गया में स्व0 जगदेव प्रसाद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व0 उपेंद्र नाथ वर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया। गया के प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय परिसर में स्व0 जगदेव प्रसाद की प्रतिमा और प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सामने स्थित दिग्घी तालाब परिसर में स्व0 उपेंद्र नाथ वर्मा की मूर्ति का मुख्यमंत्री ने अनावरण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा स्वीकृत साढ़े तीन करोड़ रूपये की दिग्घी तालाब सौंदर्यीकरण योजना का शिलान्यास किया।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री गया एयरपोर्ट पहुॅचे जहॉ स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नेताओं ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता एवं माला भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री एयरपोर्ट से विष्णुपद मंदिर पहुंचे जहाँ सबसे पहले उन्होंने पूजा–अर्चना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर प्रांगण का भ्रमण किया, इसी क्रम में उन्होंने देवघाट एवं सूर्यकुंड का निरीक्षण किया और पितृपक्ष मेला 2018 से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। मंदिर भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पितृपक्ष मेले की तैयारी के संदर्भ में कई निर्देश दिए।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री एवं गया जिले के प्रभारी मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, कृषि मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार, विधायक श्री अभय कुमार सिन्हा, विधायक श्री विनोद कुमार यादव, राज्य खाद्य आयोग के सदस्य श्री नंद किशोर कुशवाहा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री के0एस0 द्विवेदी, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव/सचिव, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य गणमान्य लोग एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******